तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **वीराराम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353637717557638	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13/01/26	अपीलार्थी वीराराम निवासी ग्राम भाकरासनी, तहसील लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 21.11.2025 ग्राम भाकरासनी, पटवार हल्का तनावडा, भू. अभी. नि. गुढा विशनोईयान के खसरा न. 203 क्षेत्रफल 1.3088 हेक्टर भूमि का आवासीय भूमि रूपान्तरण तहसील लूणी में हुआ या नहीं, के संबंध में सम्पूर्ण पत्रावली की प्रति से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) ने अपने पत्रांक 17 दिनांक 08.01.2026 द्वारा आवेदक द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध करवाये जाने के संबंध में अवगत करवाया है। अतः लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) की उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19900351